an>

Title: Need to widen the road connecting Rewa Railway Station and National Highway No.7 in Rewa Parliamentary Constituency in Madhya Pradesh.

श्री जनार्दन मिश्र (रीवा) : अध्यक्ष महोदया, हमारे शहर रीवा से बनारस, इलाहाबाद, जबलपुर के लिए चारों तरफ चार लेन सड़के हैं। अभी रीवा से सिंगरौली के लिए चार लेन की कंक्रीट सड़क बनाई जा रही है। स्वर्णिम चतुर्भुज योजना का लाभ रीवा के लोगों को मिल रहा है लेकिन हमारे नेशनल हाईवे क्रमांक-7 से रीवा रेलवे स्टेशन के लिए मार्ग बहुत ही संकरा है। रेल विभाग उस मार्ग को चौड़ा करने की अनुमति नहीं दे रहा है।

मेरा आपके माध्यम से रेल मंत्रालय से अनुरोध है कि रेलवे स्टेशन से नेशनल हाईवे क्रमांक-7 के लिए जो मार्ग रेल विभाग की जमीन पर है, उसका चौड़ीकरण करने की अनुमति दी जाए जिससे कि वहां चार लेन की सड़क बन सके और लोगों को रीवा के चारों तरफ जो चार लेन की सुविधा उपलब्ध है, उसमें सामंजस्य बैठ सके।

माननीय अध्यक्ष : श्री भैरों प्रसाद मिश्र, श्री रोड़मल नागर, श्री आलोक संजर और कुंवर पुÂष्पेन्द्र सिंह चंदेल को श्री जनार्दन मिश्र द्वारा उठाए गए विÂषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।